epaper हिन्दुस्तान

# यूपी के 102 शहरों में स्मार्ट सड़कें और पार्किंग होंगी

18/05/2022

• शैलेंद्र श्रीवास्तव




**लखनऊ।** राज्य सरकार प्रदेश के 102 शहरों यानी पालिका परिषद और नगर पंचायतों में स्मार्ट पार्किंग और स्मार्ट रोड जैसी बेहतर सुविधाएं देने जा रही है। इनमें केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी परियोजना की तरह काम कराया जाएगा। नए बजट में 100 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

पांच सालों में 220 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। पहले चरण में इस वित्तीय वर्ष में 102 शहरों को चुना गया है। 'अमृत शहर' वाले शहरों में 60 व 40 फीसदी की बजट हिस्सेदारी होगी। इसमें 60 फीसदी सरकार मदद करेगी और 40 फीसदी निकायों को स्वयं देना होगा। अन्य नगर पालिका परिषदों में 75-25 और नगर पंचायतों में 90-10 फीसदी की हिससेदारी होगी। केंद्रीय और राज्य वित्त आयोग से यह पैसा दिया जाएगा।

स्मार्ट सिटी परियोजना में बनी प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग कमेटी और तकनीकी सपोर्ट ग्रुप द्वारा इसके लिए सहयोग दिया जाएगा। संबंधित जिलों में डीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी। इसके माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दी जाएगी।

**शेयरिंग पर बाइक भी**